Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to establish a Sainik School, Sainik Canteen and Sainik Welfare Board in Aurangabad district, Bihar -laid.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): बिहार का औरंगाबाद जिला वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिला है तथा भारत सरकार के आकांक्षावान जिलों की सूची में शामिल है I इस क्षेत्र के अधिकांश लोग सैन्य बलों एवं अर्धसैनिक बलों में कार्यरत है I उग्रवाद प्रभावित इस क्षेत्र के युवाओं में भी सैन्य एवं अर्धसैनिक बलों से जुडने का विशेष आकर्षण है I औरंगाबाद जिला कई राष्ट्रीय राजमार्गों के माध्यम से झारखंड, छतीसगढ़, उत्तर प्रदेश, एवं मध्य प्रदेश राज्यों से भी जुड़ा है किन्तु दुर्भाग्यवश यहाँ सैन्य सेवा से जुड़े अथवा सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए विशेष सुविधाओं जैसे सैन्य कैंटीन अथवा सेवानिवृत कर्मचारियों हेतु सैनिक कल्याण बोर्ड आदि की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है I इस क्षेत्र के सैन्य बलों के आकर्षण से जुड़े युवाओं के लिए भी बेहतर शैक्षणिक अवसरों का अभाव है I सरकार से मेरा आग्रह है कि औरंगाबाद, बिहार में एक सैनिक स्कूल और सैनिक कैंटीन की स्थापना की जाए तथा सैनिक कल्याण बोर्ड का भी गठन किया जाए ताकि इस क्षेत्र के सेवारत सैनिकों, युवाओं के साथ क्षेत्रीय निवासियों का सम्यक विकास और कल्याण हो सके ।